खैरागढ़ विश्वविद्यालय में साइकिल रैली, जागरूकता के सन्देश वाहक बने एनएसएस कैडेट्स

खैरागढ़ (चैनल इंडिया)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का सन्देश दिया गया। विश्वविद्यालय के एनएसएस कैडेट्स और अन्य स्टूडेंट्स के द्वारा आम लोगों को साइकिल की उपयोगिता और पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई।

संगीत संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. नमन दत्त ने बताया कि विश्व साइकिल दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस, दोनों की थीम को संयुक्त रूप से ध्यान में रखते हुए आयोजित इस साइकिल रैली में विद्यार्थियों के साथ-साथ शोधार्थी, शिक्षक और अधिकारी-कर्मचारी भी साइकिल लेकर शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि कुलपति डॉ. ममता (मोक्षदा) चंद्राकर के कुशल मार्गदर्शन और कुलसचिव प्रो. डॉ. आईडी तिवारी के निर्देशन में विश्वविद्यालय परिसर को इको-फ्रेंडली कैंपस के रूप में विकसित करने की दिशा में विविध गतिविधियां जारी हैं।

इसी के अंतर्गत, विश्वविद्यालय परिसर-1 के भीतर प्रत्येक शनिवार को कार्बन उत्सर्जी वाहनों पर रोक लगाते हुए साइकिल के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया है। साइकिल रैली में असिस्टेंट प्रोफेसर (तबला) डॉ. हरि? हरि, पीआरओ विनोद डोंगरे, साउंड रिकार्डिस्ट आसिफ जमाल समेत विश्वविद्यालय परिवार मौजूद था।